एक नजर में

कांग्रेस कार्यालय में मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

हरदा – जिला कांग्रेस कार्यालय में आज जननायक बिरसा मुंडा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर उनके अदम्य साहस और योगदान को याद किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के उत्थान, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी प्रेरणा देते हैं और समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, गोविंद व्यास, सुरेंद्र बिश्नोई, अमर रोचलानी,विजय सुरमा,सत्यनारायण राजपूत,इकबाद अहमद, सुरेन्द्र सराफ,अहद खान, संजय अग्रवाल,राकेश सुरमा,अजय सिरोही, योगेश चौहान, प्रवीण जायसवाल, जावेद उपस्थित थे।

आदिवासी गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् माखननगर के सेक्टर आरी के ग्राम बज्जरवाडा में भगवान विरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला शक्ति और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परामर्शदाता सुरेश जी और मनीष यादव जी के द्वारा सामूहिक प्रेरणा गीत लेकर किया गया।इसके बाद अतिथितो के द्वारा भगवान विरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। हरीश नामदेव ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पंचायत सचिव बनवारी यादव, जन अभियान परिषद से सुरेश यादव, हरीश नामदेव, मनीष यादव तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे .

जनजातीय समाज धरोहर को बचाने वाला –सांसद

जनजातीय गौरव दिवस पर कलाकारों एवं स्कूली बच्चों ने दिखाई जनजाति नृत्य की झलक

नवभारत न्यूज

इटारसी, 15 नवम्बर"ने समूचे प्रदेश का भ्रमण कर आदिवासी जनजाति, संस्कृति का अद्भुत रूप एवं पहलू देखा है। अंग्रेजों ने जनजातीय संस्कृति को खंडित करने का अनेक बार प्रयास किया। जनजातीय समाज धर्म संस्कृति एवं सांस्कृतिक मूल्यों और अपनी धरोहर को बचाने वाला समाज है। भगवान बिरसा मुंडा का जनजाति समाज में अमूल्य योगदान है। भगवान बिरसा मुंडा ने एवं जनजातीय समाज ने भारत देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपना बलिदान दिया है। उक्त बात नर्मदा पुरम सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा के 150 वे जन्म जयंती के गौरव दिवस के कार्यक्रम में कहीं। जनजातिय गौरव दिवस का कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय केसला में आयोजित किया गया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने में जनजाति समाज ने आगे बढ़कर अपना बलिदान दिया है लेकिन अंग्रेजों ने उनका गलत चित्रण किया। अंग्रेज कभी भी जनजातीय समाज के क्षेत्र में कब्जा नहीं कर पाए इसलिए उन्होंने जनजातीय समाज का गलत चित्रण किया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने भी जनजाति महापुरुषों का उचित मान सम्मान नहीं किया। रानी दुर्गावती ने मुगलों से लोहा लिया। रानी दुर्गावती ने आदिवासी संस्कृति एवं समाज को बचाने का उत्कृष्ट कार्य किया है। मध्यप्रदेश सरकार ने रानी दुर्गावती के नाम पर स्कूल एवं कॉलेज के नाम रखे हैं।

नगर गौरव दिवस – भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भव्य आयोजन

सिराली। नगर परिषद सिराली द्वारा शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को नगर गौरव दिवस के रूप में अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर परिषद सिराली की ओर से आयोजित हरदा जिले में केवल नगर परिषद सिराली में राधा कृष्ण स्टेडियम रामपुरा में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की 12 फुट की भव्य प्रतिमा को परिषद द्वारा विशेष रूप से सजाया गया । यह प्रतिमा जिले में आदिवासियों भाईयों की आस्था गौरव का केंद्र है। कार्यक्रम का शुभारंभ 11 बजे भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण समारोह से हुई, जिसमें जिसमें संजय शाह (पूर्व विधायक टिमरनी) एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेंद्र शाह द्वारा माल्यार्पण समारोह से जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रमों में स्कूल के बच्चों ने झाँकी और वेशभूषाओं के साथ विशेष प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल के बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और स्वाभिमान की लड़ाई पर केंद्रित गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा ने हमें जन अधिकारों और आत्म-सम्मान के लिए संघर्ष करने की जो प्रेरणा दी है .

पुरस्कार वितरण और विशिष्ट उपस्थिति – कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। एवं मुक्ति धाम भुमि दान दाता मोहन नामदेव जी एवं कन्या हाय सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य श्री संजय जी करोडे हरितमा संवर्धन हेतु साल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया इस अवसर पर नगर परिषद सिराली की अध्यक्ष श्रीमती अनीता कैलाश चंद्र अग्रवाल । उनके साथ ही नगर परिषद के सभी पार्षदगण/पार्षद प्रतिनिधि, तथा आस-पास के क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। नगर गौरव दिवस का यह सफल आयोजन भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को याद करने और उन्हें देने का एक सशक्त माध्यम बना।

बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई

केसला भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसला में जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने किया माल्यार्पण कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। मुख्य अतिथियों में सांसद दर्शन चौधरी, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा, नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, एसडीएम नीलेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सीमा कासदे, सीईओ जिला पंचायत, तथा जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त विवेक नागवंशी, ब्लाक शिक्षा अधिकारी आशा मौर्य, शा. उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य गजेन्द्र गौर मौजूद रहे.

सुब्बू क्रिकेट टूर्नामेंट में नर्मदापुरम ने हरदा को हराया

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 15 नवम्बर एलटी सुब्बू ट्रॉफी अंडर-22 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में नर्मदापुरम की टीम ने हरदा को पहली पारी की बढ़त के आधार पर आसानी से हरा दिया। यह मुकाबला नर्मदापुरम के एमपीसीए ग्राउंड पर खेला गया। नर्मदापुरम क्रिकेट संभाग के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने मैच की जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदापुरम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हरदा पर 300 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। हरदा की टीम अपनी पहली पारी में केवल 137 रनों पर ही ढेर हो गई। नर्मदापुरम के गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें तेज गेंदबाज लव दुबे ने सबसे अधिक 5 विकेट लेकर हरदा के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया। उनका साथ देते हुए देव तोमर ने 2 विकेट चटकाए, जबकि जयजीत और सौरभ को एक-एक सफलता मिली। एक विकेट रन आउट के रूप में मिला। नर्मदापुरम ने हरदा को फॉलोऑन खेलने के लिए आमंत्रित किया। फॉलोऑन में भी हरदा की बल्लेबाजी लडखड़ाती दिखी और चायकाल तक टीम ने 5 विकेट खोकर 77 रन बनाए। इस पारी में भी नर्मदापुरम के गेंदबाज देव तोमर ने 2 विकेट लिए, जबकि प्रियव्रत, प्रवीण और शाश्वत को एक-एक विकेट मिला। मैच में परिणाम नहीं निकलने की स्थिति को देखते हुए अंपायरों ने नर्मदापुरम को पहली पारी की बढ़त के आधार पर विजेता घोषित कर दिया। नर्मदापुरम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज माधव शर्मा को उनके शानदार शतक के लिए मैन ऑफ द मैच चुना। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका में नितेश राजपूत एवं फजल खान मौजूद रहे.

खो खो प्रतियोगिता में टिमरनी उपविजेता

पिपरिया शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व छात्र सुनील गुप्ता, युवा नेता अभाविप जिला महामंत्री हरदीप नागपाल की उपस्थिति रही.

बीएलओ गणना पत्र बीएलओ एप पर करें अपलोड

नव भारत न्यूज

हण्डिया 15 नवम्बर। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी शुक्रवार को तहसील हंडिया एवं ग्राम नादवां के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में संलग्न सभी बीएलओ से आमने सामने चर्चा की और गणना पत्रक के वितरण एवं गणना पत्रक भरने में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जो मतदाता गणना पत्रक भरने में सक्षम नहीं है,ऐसे मत दाताओं के फॉर्म बीएलओ स्वयं सावधानीपूर्वक भरकर और सभी पूर्ति कर संतुष्ट होने के बाद ही बीएलओ एप पर अपलोड करें।

कमिश्नर ने कहा कि जो मैपिंग सबसे आसान है सबसे पहले उसे किया जाए साथ ही जो मतदाता प्रदेश के बाहर से या अन्य जिलों के बाहर से हैं या अन्य विधान सभा क्षेत्र से हैं,उनकी वंशावली को चिन्हित कर गणना पत्र को भरा जाए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को गणना पत्रक अनिवार्य रूप से वितरित किया जाए। साथ ही भरे हुए गणना पत्रक भी प्राप्त किये जाएं। इस दौरान कमिश्नर श्री तिवारी ने मतदाता सूची अपग्रेडेशन के कार्य की बारीकी से जानकारी ली एवं सभी बीएलओ से आवश्यक जानकारियां ली तथा निर्देश दिए।

कलागृह की 365 कलाकृतियां कर रहीं मंत्रमुग्ध

नवभारत न्यूज

हरदा, 15 नवम्बर कल्पना जब साकार होती है तब कला की सृष्टि होती है।सत्यम,शिवम्,सुंदरम की अभिव्यक्ति का नाम ही कला है।इस अभिव्यक्ति के दर्शन कलागृह की उच्च स्तरीय चित्रों में होंगे।अवसर है बाल दिवस के शुभ अवसर पर कलागृह की संचालिका,मशहूर चित्रकार,मेंटर, श्रीमती सुलेखा गुर्जर द्वारा उनके 121 विद्यार्थियों की 365 पेंटिंग्स की प्रदर्शनी राजपूत छात्रावास हरदा में तीन दिवसीय 14 से 16 नवंबर आयोजित की जा रही है। शनिवार को विधायक डॉ आर के दोगने भी इस अवसर पर पहुंचे। वह समस्त कलाकृतियों को देखकर मंत्रमुग्ध हो गये ।प्रदर्शनी में कलागृह के बच्चों ने राम कथा,चित्रात्मक श्री हनुमान चालीसा, मां नर्मदा जी की रंगोली आर्ट से मनोहारी स्वरूप,राज्य स्तरीय लोक चित्र,विभिन्न कला विधाएं विशेष हैं। आर्ट कंसलटेंट श्रीमती सुलेखा गुर्जर के मार्गदर्शन में रूप में स्मरणीय रहेगा।

विश्व मधुमेह दिवस पर दी जानकारी

पिपरिया विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर रेल्वे चिकित्सालय व स्टेशन पर कर्मचारियों व यात्रियो को जागरूक किया गया। रेल्वे चिकित्सक डॉ.आरआर कुर्रे की टीम द्वारा शारीरिक,मानसिक स्वास्थ्य के बारे मे जागरूक करते हुए डायबिटीज के बारे में विस्तार से बताया व डायबिटिक शारीरिक मन एवं भावनाओं को प्रभावित करता है। शीघ्र निदान,स्वस्थ जीवनशैली,संतुलित पोषण, सक्रिय जीवन, मधुमेह एवं स्वास्थ्य जीवन के विभिन्न चरणो में रोकथाम एवं देखभाल को लेकर समझाईश दी गई.

बाल दिवस पर सौ से अधिक बच्चों को स्वेटर वितरित

नवभारत न्यूज

इटारसी, 15 नवम्बर जमानी जन शिक्षा केंद्र में जीनियस प्लानेट एजुकेशन सोसाइटी ने एक नेक पहल की। बाल दिवस के अवसर पर, लायंस क्लब समर्पण के सहयोग से, जमानी जन शिक्षा केंद्र के तहत आने वाले प्राइमरी स्कूल नजरपुर और आसपास के अन्य प्राथमिक स्कूलों के 100 से अधिक विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। सोसाइटी के संचालक जाफर मनीता सिद्दीकी ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, जब इन विद्यार्थियों को स्वेटर मिले, तब इनके चेहरे की खुशी देखकर मन को प्रसन्नता हुई और लगा यही है उस खुदा की इबादत, ईश्वर की सेवा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें यह सेवा का अवसर सदैव मिलता रहे। सिद्दीकी ने स्कूल की मांग पर विद्यार्थियों के बैठने के लिए डेस्क देने की भी घोषणा की, जिसे इसी माह प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित डीपीसी डॉ. राजेश जैसवाल ने बच्चों को महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा सच बोलने और अपने परिवार के सदस्यों को गुटका, तंबाकू जैसे मादक पदार्थों का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने बच्चों को बचे हुए पैसे गुल्लक में डालने, स्वच्छता बनाए रखने आदि की समझाइश दी। इस विशेष अवसर पर सुनील सचान, कार्यक्रम आयोजक जन शिक्षा केंद्र के राजकुमार बघेल, श्रीमती चेतना राठौर आदि मौजूद रहे।

एसआईआर कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण

नर्मदापुरम, 15 नवम्बर 2025 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। जिला नर्मदापुरम में कलेक्टर सोनिया मीना के नेतृत्व में जिले की चारों विधान सभा में यह कार्य किया जा रहा है । विधान सभा होशंगाबाद में कार्य के निरीक्षण के लिये एसडीएम जय सोलंकी के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण दोनों जगह के मतदान केन्द्रों पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। श्री सोलंकी ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर जाकर उनके द्वारा बीएलओं को आ रही समस्याओं की जानकारी ली एवं आपके द्वारा गणना पत्रक को भरना एवं बीएलओ एप पर फीड करना भी बताया गया ।

संक्षिप्त समाचार

जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजन

माखन नगर– जन अभियान परिषद माखन नगर के तत्वावधान में नावँकुर संस्था एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति ने गनेरा सेक्टर क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम समोंन में बिरसा मुंडा की 150 वी जन्मजयंती मनाई गई। संस्था अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने बताया गया कि हमे महापुरुषों की जंयती क्यो मनाई जानी चाहिए। देशमुख द्वारा जनअभियान के कार्यो पर प्रकाश डाला एवं कहा कि परिषद शासन और समाज के बीच सेतु का काम करती है। पवन सहगल ने कहा कि महापुरुषों की पुण्यतिथि,जन्मतिथि समाज को संदेश देने का कार्य करती है। आयोजन का वंदेमातरम गीत से समापन किया गया एवं ग्राम में जागरूकता रैली निकला गई। इस अवसर पर परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल, ब्लॉक समन्वयक नरेंद देशमुख, सरपंच उमाकांत यादव,पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमेर सिंह यादव,नावँकुर संस्था संचालक मनीष चतुर्वेदी, परामर्शदाता हर्ष तिवारी,पूर्व प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गणेश यादव एम एस डब्लू के छात्र कु .आकृति दुबे,ऋत्व दुबे,दिनेश यादव,पुष्पेंद्र यादव एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

कन्या महाविद्यालय में बाल संरक्षण पर संगोष्ठी

पिपरिया शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत जनजाति गौरव दिवस एवं बालसंरक्षण सप्ताह के प्रथम दिवस बाल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बाल संरक्षण संगोष्ठी के अवसर पर डॉ .अनिता सांकल्ले द्वारा छात्राओं को अपने बालअधिकारो से अवगत कराया एवं बिरसा मुंडा के जन्म दिवस पखवाडे के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता,चित्रकला,प्रश्नमंच एवं भाषण आदि कार्यक्रम कराये गये। प्राचार्य मोना द्विवेदी , बिरसा मुंडा जन्म दिवस पखवाडे की प्रभारी डॉ .अनिता सांकल्ले,राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ .सरोज साहू व स्टाफ उपस्थित रहा।

बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर हुए कार्यक्रम

पिपरिया बेरशेबा इंटरनेशनल स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु के जन्म दिन बाल दिवस पर शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए आज अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में गीत, नृत्य, कविता लोकगीत, समूह गान, समूह नृत्य आदि प्रस्तुत किये । पंजाबी शिक्षकाओं ने भाँगडा कर बच्चों में जोश भर दिया। प्राचार्या निशीथिका सिंह ने भी जानो पहचानो प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देकर बच्चों का मनोरंजन किया । शिक्षक शिक्षकाओ की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता कराई गई । स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच आयोजित किया भोजन के उपरान्त बेरशेबा के खेल प्रशिक्षक ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराई जिसमे चम्मच दौड जिसमे कक्षा बारहवीं की छात्राओं एवं लेडी गया एवं मेल स्टाफ के बीच में भी क्रिकेट मैच आयोजित किया। कार्यक्रम के अंत में संचालक शाजी वर्गीस वरिष्ठ प्राचार्या सुनी वर्गीस एवं संस्था प्राचार्या निशीथिका सिंह ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाए प्रेषित की

ग्राम रायपुर में आयोजित हुआ जागरुकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम

नर्मदापुरम संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण अंतर्गत शा.उ. शाला रायपुर में गत दिवस 14 नवम्बर को परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यूनिटी क्लब का निशुल्क हेल्थ शिविर संपन्न

नवभारत न्यूज

इटारसी, 15 नवम्बर गत दिवस बंदना कम्युनिटी हॉल यार्ड में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर बंदना सिंह योना (गाइनेकोलॉजिस्ट) महिला रोग विशेषज्ञ ने उपस्थित होकर कैंप में आई हुई महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श दिया एवं संबंधित समस्याओं के निदान हेतु उन्हें उचित सलाह दी गई । इस मौके पर यूनिटी क्लब की संचालिका श्रीमती निशा चतुर्वेदी एवं अन्य साथियों श्री ज्ञानेन्द्र केसरी, रितेश कुमार, बिरजू पाल, श्रीमती श्वेता वशिष्ठ, पूनम गौतम,

सोनम केसरी आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष श्रीमान जितेंद्र ओझा ने भी पहुंचकर इस तरह के कार्यों को सार्थक बताया।

आज तीन घंटे रहेगी बिजली कटौती

इटारसी। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने इटारसी शहर के कुछ क्षेत्रों में 16 नवंबर 2025 (रविवार) को मरम्मत कार्य के चलते विद्युत कटौती की सूचना जारी की है। जारी सूचना के अनुसार, यह कटौती दोपहर 12 बजे से 3:15 बजे तक कुल सवा तीन घंटे के लिए रहेगी। महाप्रबंधक (संघा/संभा) कार्यालय द्वारा जारी प्रेस-विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह विद्युत व्यवधान 11 केवी इटारसी (टाउन) फीडर पर केबिल बिछाने के कार्य के कारण होगा। यह कार्य विंध्या टेलिलिंक्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। इस दौरान उपकेन्द्र पीपल मोहल्ला के फीडर 11 केवी इटारसी (टाउन) से संबंधित सभी घरेलू एवं उच्चदाब उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

अयोध्या बस्ती मे मनाई नेहरू जी की जन्म जयंती

पिपरिया पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती पर अयोध्या बस्ती गांधी वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गांधी वार्ड में हिना बेमन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चो ने कविता सुनाई। वरिष्ठ कांग्रेसी हरीश मालपानी ने चाचा नेहरू के बारे में विस्तार से बताते हुए बच्चो के बीच बाल दिवस पर खुशी जाहिर की। इस दौरान हरीश बेमन,राजू मेहरा, कोमल मेहरा,शशि रावत, हर्षलता राजपूत,सुधा सिलावट, अमित वर्मा,सुनील ठाकुर,फहीम अब्दुल्ला उपस्थित रहे।

कृषि उपज मंडी में धान की आवक

नवभारत न्यूज

इटारसी, 15 नवंबर 2025 को कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में मुख्य रूप से धान की आवक दर्ज की गई।

आज मंडी में कुल 17,848 क्विंटल उपज बिकने के लिए आई, जिसमें से 16,410 क्विंटल केवल धान था। आज मंडी में कुल 309 कृषक अपनी उपज लेकर पहुंचे और 25 व्यापारियों ने खरीदी में हिस्सा लिया। धान के भाव 2500 रुपए से शुरू होकर अधिकतम 3260 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। इसका औसत भाव 3110 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं की आवक सामान्य रही और यह 2412 रुपए से 2440 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बिका। इसका औसत भाव 2435 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

चना के न्यूनतम भाव 4591 रुपए से लेकर अधिकतम 4751 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे, जबकि सोयाबीन के भाव भी 3551 रुपए से 4111 रुपए प्रति क्विंटल के बीच स्थिर बने रहे। मक्का का अधिकतम भाव 1851 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

जनजातीय गौरव दिवस का भव्य समारोह संपन्न हुआ

नवभारत न्यूज

हरदा, 15 नवम्बर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का भव्य जिला स्तरीय समारोह शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय रहटगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने सभी को भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि शासन द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिये अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका फायदा हर वर्ग के लोगों के लिये है।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा हमारे आदिवासी बच्चों के लिए होस्टल संचालित किये जा रहे है, जिनमें वे शहरी क्षेत्रों में रह कर अपने भविष्य को उज्जवल कर रहे हैं। उन्होने अपील की कि आदिवासी भाई बहना अपने बच्चों को शिक्षित करें। शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजननाओं का लाभ लें तथा बच्चों का भविष्य उज्जवल करें। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी, राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया । साथ ही बांस शिल्पकार एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। इस दौरान जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत ग्राम भुवनखेडी के राजेश पिता रामजीवन को किराना दुकान के लिये 1.60 लाख रूपये, ग्राम चादियापुरा के सुनिल पिता बलराम को किराना दुकान के लिये 3 लाख रूपये, टिमरनी के संदीप पिता रामजीवन को डीजे साउण्ड सर्विस के लिये 3.50 लाख रूपये तथा ग्राम सिंगनपुर के कमलेश पिता मनोहर को किराना व्यवसाय के दुकान के लिये 1.50 लाख रूपये के स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इसी प्रकार टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत मदनलाल रामप्रसाद को कपडा व्यवसाय के लिये 0.79 लाख रूपये के स्वीकृति पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग द्वारा सीताराम सुखराम व ब्रजलाल राजाराम को केसीसी तथा राज्य आजीविका मिशन द्वारा एकता स्वसहायता समूह आमसागर को सीबीआई बैंक रहटगांव से तथा लक्ष्मी स्वसहायता समूह खात्माखेडा को मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक रहटगांव से 3-3 लाख रूपये की सहायता राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किये गये।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
इटारसी जिला-नर्मदापुरम
1/605893/2025/14-11-2025
राप्रक -0042/अ-6(अ)/2025-26

विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललित यदुवंशी वल्द श्री लखनलाल यदुवंशी निवासी वार्ड नंबर 14 साटरनीबाई की चाल सूरजगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम के द्वारा आवेदन पत्र अनुसार विधिवत जांच कराकर जांच प्रतिवेदन धारा 115 के अंतर्गत पाँच वर्ष से अधिक अवधि की त्रुटि होने से अभिलेख दुरूस्ती किए जाने की अनुमति हेतु अपर कलेक्टर महोदय नर्मदापुरम को प्रेषित किया गया था। सशर्त अनुमति प्राप्त करने उपरांत मौजा ग्राम इटारसी स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 98 शीट नंबर 43 प्लाट नंबर 36/2ब रकबा 976.5 वर्गफुट भूमि क्रय की गई थी। जिसका नामांतरण दिनांक 28/01/2005 को संशोधन पंजी के माध्यम से हुआ था। वर्ष 2004-05 से वर्ष 2018-19 तक के खसरे में आवेदक का रकबा 976.5 वर्गफुट दर्ज रहा किन्तु वर्ष 2019-20 के हस्तलिखित खसरे में त्रुटिवश रकबा 976.5 वर्गफुट के स्थान पर 276.5 वर्गफुट दर्ज हो गया है एवं वर्तमान ऑनलाईन खसरे में भी दर्ज है। जो त्रुटि होने से सुधार किए जाने की राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार की अनुमति शर्तों के अधीन विधिमान्य की गई है। जिसमें बिन्दु क्रमांक ५सप५ क्षेत्र में पढ़े जाने वाले दैनिक समाचार पत्रों में संशोधन परिवर्तन घोषणा का इश्तहार प्रकाशन कराए जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की जा रही है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र धारा 115 के अंतर्गत राजस्व अभिलेखों में हुई त्रुटियों का सुधार कराना चाहता है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 24/11/25 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी। समयावधि पश्चात प्राप्त सभी आपत्ति अमान्य की जावेगी।
यह विज्ञप्ति आज दिनांक 14/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

NILESH KUMAR SHARMA
JOINT COLLECTOR